# जुआ-सट्टा नेटवर्क पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## 65 लाख की नकदी सहित करोड़ों की संपत्ति जब्त




**भोपाल, 22 अक्टूबर. पुलिस ने प्रदेशव्यापी जुआ-सट्टा नेटवर्क के खिलाफ सघन अभियान चलाया है. अभियान का प्रमुख उद्देश्य त्योहारों के दौरान सामाजिक माहौल को स्वच्छ, सुरक्षित और अनुशासित बनाए रखना है.**

अभियान की अवधि के दौरान राज्य के विभिन्न जिलों में पुलिस टीमों ने सतर्कता पूर्वक निरंतर कार्यवाही की. अब तक की गई संयुक्त कार्यवाहियों में पुलिस ने सैकड़ों आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार करते हुए 60,78,925 की नकद राशि सहित कई मोबाइल फोन, चार पहिया एवं दुपहिया वाहन, ताश की गड्डियां तथा जुए-सट्टे से संबंधित अन्य उपकरण सहित करोड़ो की संपत्ति जब्त की हैं. विदिशा में पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में 22.22 लाख का मशरूका जब्त किया गया, जिसमें नगद राशि, कार, स्कूटी एवं मोबाइल फोन शामिल हैं. छिंदवाड़ा (नवेगांव) में जंगल क्षेत्र में चल रहे जुए के फड़ पर छापामार कार्रवाई में 9.67 लाख मूल्य का मशरूका बरामद किया गया. अनूपपुर (बीजुरी) में पुलिस ने 6.10 लाख की नगद राशि बरामद कर अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया. सिहोर (भैरूंदा) में कार्रवाई में 5.25 लाख की बरामदगी की गई और 17 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया. छतरपुर, राजगढ़, मंदसौर और ग्वालियर में संयुक्त रूप से 12 लाख से अधिक का मशरूका जब्त किया गया. इसके अतिरिक्त जबलपुर, नरसिंहपुर, टीकमगढ़, दतिया, नर्मदापुरम, शिवपुरी, मंडला, बालाघाट, मैहर और दमोह में भी पुलिस टीमों द्वारा निरंतर दबिशें देते हुए बड़ी संख्या में आरोपी गिरफ्तार किए गए.

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस समाज में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है. दीपावली पर्व के दौरान राज्य में जुआ-सट्टा जैसी अवैध गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई की जा रही है. किसी भी स्तर पर ऐसे अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा.

> **समाज को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ठोस कदम**
> यह अभियान न केवल कानून के पालन के लिए बल्कि समाजिक नैतिकता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ठोस कदम है. उन्होंने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया है कि यह अभियान निरंतर जारी रहे. उन्होंने यह भी कहा कि स्थानीय स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाकर नागरिकों को जुआ-सट्टे जैसी अवैध गतिविधियों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाए.



**सीएम से मिले केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. एल मुरुगन**

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में सौजन्य भेंट की. मुख्यमंत्री ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया.

### एक नजर में

**सड़क दुर्घटनाओं को रोकने पुलिस की अभिनव पहल**

**पन्ना.** जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पन्ना पुलिस ने अभिनव पहल शुरू की है। जिले में अक्सर रात्रि के अंधेरे में वाहनों के आवारा पशुओं से टकराने के कारण हादसे होते हैं। इस समस्या के समाधान हेतु गोवर्धन पूजा के अवसर पर शहर में भटक रही अज्ञात एवं आवारा गायों व अन्य पशुओं के सींगों पर रेडियम स्टिकर लगाए गए. पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने बताया कि जिले में आवारा पशु, विशेषकर गायें, प्राय: सड़कों पर ही अपना आश्रय लेती हैं। रात के समय इन्हें देख पाना वाहन चालकों के लिए कठिन होता है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है.

**दुकान में घुसकर हमला दो सगे भाइयों की मौत**

**शहडोल.** जिले के केशवाही थाना क्षेत्र अंतर्गत बलबहरा गांव में सोमवार शाम ऑटो पार्ट्स की दुकान में घुसकर 8 से 10 हमलावरों ने ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में दो सगे भाइयों की मौत हो गई, जबकि तीसरा भाई गंभीर रूप से घायल है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शाम करीब 6 बजे हुए इस हमले में राकेश तिवारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके भाई राहुल तिवारी ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। तीसरा भाई सतीश तिवारी शहडोल मेडिकल कॉलेज में गंभीर हालत में भर्ती है और जीवन के लिए संघर्ष कर रहा है। पुलिस ने बताया कि राहुल तिवारी के डाइंग डिक्लेरेशन के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# पार्टी कहेगी तो चुनाव लड़ूंगी, मना नहीं करूंगी

- पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने पत्रकार वार्ता में कहा
- झांसी से लोकसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जताई

प्रशासनिक संवाददाता



**भोपाल. पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती एक बार फिर चुनावी मैदान में आने के लिये तैयार है. अब वे अगला लोकसभा चुनाव लड़ना चाहती हैं.**

उन्होंने पत्रकारों से कहा कि वे वर्ष 2029 का लोकसभा चुनाव झांसी से लड़ना चाहती हैं. यदि पार्टी कहेगी तो चुनाव लड़ूंगी, मना नहीं करूंगी. इससे उन्होंने ये भी साफ कर दिया कि वे मप्र की राजनीति से दूरी बनाकर रखेंगी. श्यामला हिल्स स्थित निवास पर पत्रकारों से चर्चा में सुश्री भारती ने एक सवाल के जवाब में साफ किया कि वे राजनीति के हाशिये पर नहीं हैं और गाय और गंगा के लिये लगातार काम कर रही हैं. ये काम राजनीति के लिये दिल से कर रही हूं. इसके अतिरिक्त राजनीति में मेरी कोई और कोई रूचि नहीं है. सुश्री भारती ने कहा कि गोपाष्टमी पर 29 अक्टूबर को गौ-संवर्धन अभियान का शुभारंभ करूंगी. यह अभियान लगातार डेढ़ साल तक चलेगा. इस अभियान के लिये ग्राम पंचायतों का भी सहयोग लिया जाएगा.

> अभियान में किसानों को भी जोड़ा जाएगा. सुश्री भारती ने कहा कि प्रदेश की लाड़ली बहनों को दो गाय भी दिया जाना चाहिए, इससे उनकी और परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में मदद मिलेगी. लाड़ली बहनें गाय पालने का काम अच्छे से कर सकती हैं. गाय तब बचेगी, जब किसान चाहेगा. गौ और गंगा आत्मनिर्भर भारत की धूरी है. पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि 4 नवंबर को गंगा सफाई का अभियान चलेगा, जिसमें सभी राज्यों के प्रमुख लोग हिस्सा लेंगे, ये कार्यक्रम प्रयागराज में होगा. एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि किसी भी राजनेता को शास्त्र मर्मज्ञ नहीं बनना चाहिए.

# रीवा से 72 सीटर विमान जल्द होगा प्रारंभ

## रीवा एयरपोर्ट के लोकार्पण की प्रथम वर्षगांठ, उप मुख्यमंत्री रहे मौजूद

**भोपाल 22 अक्टूबर 2025. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल गत दिवस रीवा एयरपोर्ट के लोकार्पण की प्रथम वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।**

उन्होंने एयरपोर्ट के अधिकारियों, कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए शुभकामना दी. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि एयरपोर्ट में 72 सीटर विमान का शीघ्र ही रीवा से इंदौर व रीवा से नई दिल्ली परिचालन प्रारंभ होगा। उन्होंने यात्री सुविधाओं और एयरपोर्ट विस्तार की संभावनाओं की चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने एक वर्ष पूर्व इस एयरपोर्ट का लोकार्पण किया था जिसके बाद विन्ध्य क्षेत्र में हवाई सुविधाओं में वृद्धि हुई व आर्थिक सुदृढ़ता आई। यह एयरपोर्ट केवल एक आधारभूत संरचना नहीं बल्कि विन्ध्य क्षेत्र के विकास को दिशा देने वाला माध्यम है। यह इस क्षेत्र की आर्थिक, पर्यटन और औद्योगिक प्रगति का नया अध्याय लिख रहा है. कार्यक्रम में विधायक देवतालाब इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, एयरपोर्ट अथारिटी आफ इंडिया के निर्देशक रामजी अवस्थी सहित रीवा एयरपोर्ट के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।



# गांवों में एक माह तक दीपावली की रौनक

## बैतूल के आदिवासी गांवों में पीले चावल से दिया जाता है निमंत्रण

**बैतूल, 22 अक्टूबर. जिले के आदिवासी अंचलों में दीपावली केवल एक दिन का त्योहार नहीं, बल्कि पूरे एक माह तक चलने वाला उत्सव है. हर गांव की अपनी दीपावली होती है, जिसमें उमड़ती है खुशियों की लहर, संगीत की थाप और परंपरा की महक.**

इस उत्सव की तिथि गांव के भगत (मुखिया) तय करता है, और उसी दिन गांव दीपों से जगमगा उठता है. गुरु पूर्णिमा से दीपावली तक भगत हरी सब्जी और हरी मिर्च तक का सेवन नहीं करते और अपनी पुस्तैनी परंपरा का पालन करते हैं. आदिवासी समाज में दीपावली का निमंत्रण किसी कार्ड या मोबाइल से नहीं, बल्कि स्नेह और परंपरा से भरे पीले चावल के दानों के माध्यम से दिया जाता है. घर-घर जाकर लोग रिश्तेदारों को आमंत्रित करते हैं हमारे गांव की दीपावली है, ज़रूर आना. दीपावली के दिन गांव के लोग सुबह-सुबह नए मटकों में पानी भरकर लाते हैं, जो नव आरंभ और पवित्रता का प्रतीक होता है. महिलाएं मिट्टी के दीयों में घी का दीप जलाती हैं, और पूरा गांव उजाले से नहा जाता है. पशुओं के लिए भी यह दिन खास होता है—गाय, बैल और बछड़ों को नहलाया जाता है, उनके सींगों पर रंग लगाया जाता है और गले में घंटियां लगाई जाती है.

> **एक ही दिन दीपावली मनाने का प्रस्ताव आया**
> आदिवासी समाज के वरिष्ठ रामदीन उइके ने बताया कि कई बार एक ही दिन दीपावली मनाने का प्रस्ताव आया, पर समाज ने इसे अस्वीकार कर दिया हमारी परंपरा हमारी पहचान है. इसलिए आज भी हर गांव अपनी दीपावली अपनी तिथि पर मनाता है, अपनी खुशी और अपनी आत्मा के रंग के साथ. यह महीना सिर्फ उत्सव का नहीं, बल्कि रिश्तों, आस्था और संस्कृति को संजोने का समय है जब हर घर से मिट्टी के दीयों की लौ यह संदेश देती है कि जहाँ परंपरा जीवित है, वहाँ समाज जीवंत है

# एमएसएमई विनिर्माण की संख्या 4 लाख पहुंची

## वर्ष 2024-25 में 113696 एमएसएमई पंजीकृत

**47 % स्टार्टअप महिला उद्यमियों के**

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 22 अक्टूबर. प्रदेश में निवेश मित्र नीतियों और उद्योग समर्थित प्रावधानों के परिणाम स्वरूप पिछले तीन वर्षों में विनिर्माण इकाइयों की संख्या बढ़कर 4,26,230 तक पहुंच गई है. वर्ष 2022-23 में 67332 विनिर्माण एमएसएमई पंजीकृत हुई थी 2023-24 में 89,317 और 2024-25 में 1,13,696 हुई.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में विनिर्माण क्षेत्र में नई इकाइयों की स्थापना को हर प्रकार से प्रोत्साहित कर रहे है. प्रदेश में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों की संख्या भी बढ़ रही है. वर्तमान में प्रदेश में 20.43 लाख एमएसएमई इकाइयाँ है. इसमें 20.22 लाख सूक्ष्म उद्यम है, 19508 लघु उद्योग और 1178 मध्यम उद्यम हैं. एमएसएमई सेक्टर में 21 फीसदी विनिर्माण श्रेणी की, 29 फीसदी सेवा श्रेणी और 50 फीसदी व्यवसाय श्रेणी की इकाइयां हैं. इस प्रकार एमएसएमई सेक्टर राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में 30 फीसदी का योगदान दे रहा है. इस क्षेत्र में लगभग 66 हजार करोड रुपए से अधिक का निवेश वर्तमान में है. इनमें एक करोड़ से ज्यादा लोगों को रोजगार मिला है. मप्र की स्टार्टअप नीति के परिणामस्वरूप अब अधिमान्य स्टार्टअप की संख्या 6000 से अधिक हो गई है. इनमें से लगभग 2900 यानी 47 फीसदी स्टार्टअप महिला उद्यमियों के हैं. इसके अलावा कुल इनक्यूबेटर की संख्या 100 से ज्यादा है. प्रदेश में स्मार्ट सिटी इनक्यूबेटर 7, अटल इनक्यूबेटर सेंटर 4, टेक्नोलॉजी बिजनेस इंटर इनक्यूबेटर दो, एक एपेरल इनक्यूबेटर ग्वालियर में, दो एग्री इनक्यूबेटर सेंटर ग्वालियर और जबलपुर में, तीन सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ग्वालियर, भोपाल और इंदौर में स्थापित है. प्रदेश के सभी जिलों में इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित करने की योजना है.

> **मेगा इनक्यूबेशन सेंटर और नवाचार को बढ़ावा**
> राज्य में मेगा इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित किया जाएगा, जिसके सेटेलाइट सेंटर प्रदेश के अन्य उपयुक्त स्थानों में स्थापित किए जायेंगे. इनसे स्टार्टअप्स को आवश्यक संसाधन, मार्गदर्शन और ग्लोबल बाजार तक पहुंचने में मदद मिलेगी. बौद्धिक संपदा सुरक्षा को भी प्राथमिकता दी गई है. इसके लिये घरेलू पेटेंट के लिए 5 लाख रुपये और अंतर्राष्ट्रीय पेटेंट के लिए 20 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी. इससे स्टार्टअप्स को नवाचार करने और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे बने रहने में मदद मिलेगी.

**अत्याचार** | भिंड में दलित उत्पीड़न पर पीसीसी चीफ पटवारी का आक्रोश

# दलित और पिछड़ों के साथ नहीं थम रहा अत्याचार



विशेष संवाददाता

**भोपाल- मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भिंड जिले के सुरपुरा गांव में एक दलित युवक के साथ हुई अमानवीय घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है.**

उन्होंने इसे न केवल मानवता के खिलाफ बर्बर कृत्य बताया, बल्कि भाजपा सरकार की कानून-व्यवस्था के पूरी तरह चरमराने का सबूत भी कहा. पटवारी ने इस घटना को वंचित वर्ग के प्रति सरकार की असंवेदनशीलता का शर्मनाक उदाहरण बताते हुए सवाल उठाया कि मध्य प्रदेश में दलितों और पिछड़े वर्गों के साथ अत्याचारों का सिलसिला आखिर क्यों थम नहीं रहा, जबकि सरकार बार-बार न्याय और सुरक्षा के दावे करती है.

रिपोर्ट्स के अनुसार, 25 वर्षीय दलित ड्राइवर को सोमवार रात ग्वालियर से तीन आरोपियों सोनू बरुआ, आलोक पाठक और छोटू ओझा ने अगवा कर भिंड के सुरपुरा गांव ले जाया गया. वहां पहुंचने पर आरोपियों ने उसकी बेरहमी से पिटाई की, जबरन शराब पिलाई और फिर पेशाब पीने के लिए मजबूर किया. पीड़ित की हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया. श्री पटवारी ने वीडियो कॉल के माध्यम से पीड़ित से बात कर घटना की विस्तृत जानकारी ली और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की. एनसीआरबी के आंकड़ों का हवाला देते हुए पटवारी ने कहा कि वर्ष 2022 में मध्य प्रदेश में दलित अत्याचार के 7,732 मामले दर्ज हुए, जो देश में तीसरे स्थान पर हैं. उन्होंने कहा, भाजपा शासन में दलितों पर अपराध लगातार बढ़ रहे हैं. भाजपा शासित राज्यों में मध्य प्रदेश में दलित अपराध दर 43.4 प्रतिशत के साथ सबसे अधिक है. उन्होंने कटनी, शिवपुरी, छतरपुर, खजुराहो और दमोह में हुई हालिया घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में जुल्म का जंगलराज कायम हो चुका है. मुख्यमंत्री और गृह मंत्री डॉ. मोहन यादव पर निशाना साधते हुए पटवारी ने कहा कि जब मुख्यमंत्री विदेश दौरों पर व्यस्त हैं, तब प्रदेश में दलित सुरक्षित नहीं हैं. उन्होंने भाजपा के 'सबका साथ, सबका विकास' के नारे को खोखला बताया.

> **'डबल इंजन सरकार' को पटवारी ने ठहराया प्रदेश की वित्तीय बदहाली का जिम्मेदार**
> **भोपाल.** जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को लिखे एक खुले पत्र में प्रदेश की बिगड़ती वित्तीय स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में केंद्र सरकार ने राज्य को विभिन्न योजनाओं के लिए निर्धारित 44,355.95 करोड़ में से केवल 8,027.12 करोड़ की राशि जारी की है, जो कुल प्रावधान का मात्र 18.07 प्रतिशत है. पटवारी ने इस स्थिति को प्रदेश की वित्तीय स्थिरता और विकास दोनों के लिए बेहद चिंताजनक बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि तथाकथित 'डबल इंजन सरकार' पूरी तरह वित्तीय मोर्चे पर असफल साबित हुई है। केंद्र और राज्य दोनों में भाजपा की सरकार होने के बावजूद, मध्य प्रदेश को केंद्र की योजनाओं का पूरा फंड नहीं मिलना इस बात का प्रमाण है कि दोनों इंजनों में तालमेल नहीं बल्कि टकराव है। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन और राज्य मंत्रिमंडल में चल रहे आंतरिक मतभेद अब जनहित से जुड़ी योजनाओं पर भी असर डाल रहे हैं। शिवराज सिंह चौहान, प्रह्लाद पटेल, कैलाश विजयवर्गीय और राकेश सिंह जैसे वरिष्ठ नेता भी अपनी जिम्मेदारी निभाने में असफल रहे हैं. पटवारी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, पीएम ई-बस योजना, उप-स्वास्थ्य केंद्र, नए मेडिकल कॉलेज, केन-बेतवा परियोजना और नगरीय विकास से जुड़ी अन्य योजनाओं में फंड न मिलने से विकास कार्य ठप हो गए हैं, जिसका सीधा असर ग्रामीण और शहरी गरीबों पर पड़ रहा है।

**प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस कार्यालय, प्राचार्य शासकीय अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैढ़न जिला-सिंगरौली**
दूरभाष क्रमांक 07805-354038 नैक द्वारा ग्रेड "बी" प्रदत्त ई-मेल-hegcbaisid@mp.gov.in
वैढन, दिनांक 17/10/25

**निविदा आमंत्रण की सूचना**

क्र. 785 /क्र.स./2025 विषयांतर्गत क्रय समिति द्वारा प्रशासनिक भवन के प्रथम, द्वितीय तल तथा अन्य सी.सी.टी.व्ही. विहीन पर सी.सी.टी.व्ही. कैमरा विथ वाइस रिकार्डिंग स्थापित किये जाने है। इच्छुक फर्म/एजेन्सी/व्यक्ति निर्धारित शर्तों के निविदा फार्म (Configuration/विशिष्टियाँ) प्राप्त करने के लिए जनभागीदारी खाता क्र. 11237840213 आईएफएससी कोड एसबीआईएन 0003848 में राशि रूपये 1000 /- जमा कर कार्यालयीन दिवस में समय सुबह 11:00 बजे से दोपहर 04:00 बजे तक जमा राशि की पावती जमाकर प्राप्त कर सकते हैं। निविदा के संबंध में जानकारी प्राप्त करने हेतु संयोंजक क्रय समिति संयोजक डॉ. इभारानी सिंह पठानिया से समय सुबह 11:00 बजे से दोपहर 04:00 बजे के मध्य मोबाइल नं. 9425823876 पर सम्पर्क करें।

**प्राचार्य**
**प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स**
**शा.रा.स्मृ.अ. स्नातको. महावि. वैढ़न, जिला-सिंगरौली (म.प्र.)**

# जन जागृति कार्यालय में लक्ष्मी पूजन के साथ हुआ कार्यकर्ता सम्मेलन

नवभारत न्यूज



**हनुमना, 22 अक्टूबर, जन जागृति चौपाल आश्रम सलैया हनुमना के लोक सेवा केंद्र के सामने स्थित कार्यालय में दीपावली के शुभ अवसर पर मां लक्ष्मी के पूजन के साथ ही कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया.**

इस अवसर पर मां लक्ष्मी भगवान नारायण एवं राम दरबार तथा हनुमान जी का विधिवत पूर्ण विधान से पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संस्था के सक्रिय कार्यकर्ता तथा वरिष्ठ समाजसेवी विजयपाल सिंह ने कहा कि जन जागृति चौपाल आश्रम के द्वारा किया जाने वाला समाज सेवा का जो कार्य है निश्चित इस क्षेत्र के लिए वर्तमान में एक आदर्श बन चुका है इसके संस्थापक अध्यक्ष पंडित ललित नारायण शुक्ला ने निस्वार्थ भावना से जो संकल्प समाज सेवा का लिया है और जिसका मूर्त रूप तकरीबन 12- 13 वर्षों से मैं स्वयं देखा चल रहा हूं अपनी कर्मभूमि छिंदवाड़ा में रहते हुए *जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी* के बोध वाक्य को अक्षरश- प्रतिपादित करते हुए इस क्षेत्र के गरीब निरीह विधवा परित्यक्ता असहायों की सेवा के माध्यम से जो अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है निश्चित ही कोई दूर दृष्टि रखने वाले की ही ऐसी सोच हो सकती है उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बोध वाक्य *हिंदव- सोदरा सर्वे न हिन्दू पतियों भवेत।हिंदु रक्षा ममदीक्षा मममंत्र समानता* का उल्लेख करते हुए कहा कि ठीक उसी प्रकार से मैं देख रहा हूं कि जन जागृति चौपाल आश्रम में भी हरिजन आदिवासी तथा शोषित पीड़ित मां बहने विधवा परीत्यक्ता असहाय लोग इस कारण जुड़े हैं कि उन्हें इस संस्था ने वास्तव में उनकी पीड़ा को समझा और बिना किसी भेदभाव के समाज सेवा के पुनीत कार्य में डटी हुई है. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के प्रमुख सक्रिय कार्यकर्ता तथा वरिष्ठ पत्रकार संपतिदास गुप्त ने सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज दीपावली का या पर्व समूचे राष्ट्र व समाज का पर्व है आज के दिन हम मां लक्ष्मी की आराधना करते हैं शायद ही कोई सनातन धर्मावलंबी होगा जो आज का पर्व ना मानता हो. कारण की बिना लक्ष्मी के कुछ भी संभव नहीं है उन्होंने कहा मैं तो कहता हूं लक्ष्मी की पूजा तो इसी वह मुसलमान भी करते हैं फिर चाहे वह किसी भी रूप में करते हो. श्री गुप्ता ने कहा कि संस्था के संस्थापक का अध्यक्ष पंडित ललित शुक्ला की यह इच्छा थी कि इसका कार्यालय हनुमान में ही हो चुकी उनकी यह

**OFFICE OF UJJAIN DEVELOPMENT AUTHORITY**
Pradhikaran Bhawan, Bharatpuri Administrative Zone, Dewas Road, Ujjain - 456010
email- udaujjain@gmail.com, website- www.udaujjain.org

**Tender Notice**

Online tenders are invited from eligible firms for the following work. Detailed tender details can be found on the website https://mptenders.gov.in/nicgep/app.

| No. | Tender Number & date of issue | Name of Work | Time Limit /and PAC | Cost of Tender Form and EMD (INR) | Last date of Tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | UDA/ETENDER/25/ 133 16-10-2025 2025_DTCP_458190_1 | Construction of Mela Office building at Ujjain | 18 Months 39,56,20,000/- | 59,000/- 19,79,000/- | 10.11.2025 17:30 PM |
| 2. | UDA/ETENDER/25/ 134 16-10-2025 2025_DTCP_458133_1 | Selection of Professional Agency for Creative Content Creation I.e. Animation, 3 D Visualization, Modelling, Graphical Representation/Visualization and Allied works for Ujjain Development Authority (UDA) Ujjain. | 30 Months 3,86,20,000/- | 17,700/- 3,86,200/- | 06.11.2025 17:30 PM |
| 3. | UDA/ETENDER/25/ 136, 17-10-2025 2025_DTCP_458252_1 | Project Management consultancy for roads and other infrastructure works of uda, at ujjain. | 24 Months 4,51,00,000/- | 17,700/- 4,51,000/- | 10.11.2025 17:30 PM |

**Note :** Any amendments to the tender will be published online only on the website and will not be published separately in newspapers.

(Kuldeep Raghuwanshi)
Executive Engineer
Ujjain Development Authority, Ujjain